# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 268, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# खाद की कमी पर गरमाया सदन

## विपक्ष ने किया हंगामा, कृषि मंत्री बोले-हफ्तेभर में दूर हो जाएगी कमी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का आज चौथा दिवस है। प्रश्नकाल के दौरान सदन में विपक्ष ने प्रदेश में खाद कमी का मुद्दा उठाते हुए पक्ष को जमकर घेरा। इस दौरान सदन में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस देखने को भी मिली। जिसके बाद सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। साथ ही विपक्ष के विधायक ने गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी भी की।



विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने उठाया छ्वक्क की कमी का मुद्दा उठाया। जिस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब देते हुए कहा- प्रदेश में छ्वक्क की कमी है, छ्वक्क की जगह दूसरे खाद को प्रमोट कर रहे है। उमेश पटेल ने कहा- लक्ष्य के विरुद्ध खाद का कितना भंडारण उपलब्ध है। केंद्र से कितना खाद मिलने वाले जवाब पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा- 18 हजार 850 मीट्रिक टन खाद की आपूर्ति होने वाली है। खाद के 14 रैक प्राप्त होंगे जिसमें ह्वक्क्य,छ्वक्क अन्य खाद शामिल है। उमेश पटेल ने कहा- खाद के भंडारण का 50 फीसदी ही मिला है, सरकार ने सोसाइटी और निजी क्षेत्र को कितना खाद दिया है। जिस पर जवाब देते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा- सोसाइटी को 60 निजी क्षेत्र को 40 फीसदी खाद दे रहे है। खाद की कहीं कोई कमी नहीं है। एक हफ्ते के अंदर जो कमियां है उसे दूर किया जाएगा। उमेश पटेल ने कहा- व्यापारियों द्वारा अधिक कीमत में खाद देने की कितनी शिकायतें मिली है। जिस पर मंत्री नेताम ने कहा- ऐसी शिकायतें प्रदेशभर से आती है,कार्यवाही भी होती है। अमानक खाद बेचने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। वहीं इस बीच खाद को लेकर पक्ष विपक्ष में नोक- झोंक देखने को मिली। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- कांग्रेस सरकार में नकली बेचने से खाद की कमी नहीं होती थी। जिस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- हमारे शासन काल में नकली यूरिया पर कार्यवाही हुई। बीजेपी सरकार में नकली खाद बेचने वालों पर कार्यवाही नहीं होती। बघेल के इस बयान के बाद खाद के मुद्दे पर पक्ष- विपक्ष में तीखी नोक- झोंक हो गई। जिसके कारण सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही फिर से खाद पर बहस भूपेश बघेल ने पूछा- अब तक कितना खाद का भंडारण हुआ। जिस पर कृषि मंत्री नेताम ने कहा -1 लाख 72 हजार मीट्रिक टन खाद मिला इसमें निजी और सहकारी क्षेत्रों को कितना खाद दिया गया। कहीं ऐसा तो नहीं खाद की कालाबाजारी के लिए खाद निजी क्षेत्रों को दिया गया। इस बीच विपक्ष के विधायक ने गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी की।

### विपक्ष से नाराज हुए स्पीकरः डॉ. रमन बोले- 25 सालों की परंपरा को ध्वास्त करने पर तुला है विपक्ष स्पीकर डॉ. रमन सिंह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में गुरुवार को सदन में अजीब सा माहौल बन गया। खाद- बीज की कमी पर हंगामा कर रहे विपक्ष के 30 विधायक गभगृह में घुसने के कारण स्वत: ही निलंबित हो गए। लेकिन निलंबन के बावजूद विपक्ष के विधायक सदन से बाहर ना जाकर गर्भगृह में ही धरने पर बैठ गए। विपक्षी विधायकों के इस आचरण पर स्पीकर डा. रमन सिंह नाराज हो गए। विपक्षी विधायकों के गर्भगृह में ही धरने पर बैठ जाने और लगातार नारेबाजी करने से स्पीकर डाक्टर रमन सिंह नाराज हो गए। उन्होंने कहा- विपक्ष के सदस्यों ने निरंतर और असंसदीय व्यवहार किया है। बार- बार आग्रह करने के बाद भी छततीसगढ़ विधानसभा की 25 साल की परंपरा को ध्वस्त करने में ये लगे हुए हैं। डा. रमन ने कहा- यह नुकसान छत्तीसगढ़ का है, छत्तीसगढ़ की संसदीय परंपराओं का है। यहां की कार्यवाही पूरा देश देखता है कि, छत्तीसगढ़ ने क्या मापदंड स्थापित किए हैं। उस मापदंड की धज्जियां कैसे उड़ाई जा रही हैं, मेरे आग्रह के बाद भी आप समझने को तैयार नहीं हैं। विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने उठाया DAP की कमी का मुद्दा उठाया। जिस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जवाब देते हुए कहा- प्रदेश में DAP की कमी है, DAPकी जगह दूसरे खाद को प्रमोट कर रहे है।

# छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में जुड़ा नया अध्याय

**रायपुर।** प्रदेश के कोने-कोने तक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भरोसेमंद चिकित्सा सुविधा आमजन तक पहुँचाने की दिशा में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास परिसर से मैदानी स्वास्थ्य अमले के लिए 151 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलों में भी लोगों को समय पर प्रभावी उपचार मिल सकेगा। यह 'स्वस्थ छत्तीसगढ़' की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। पुराने, अनुपयोगी हो चुके वाहनों को स्क्रैप कर उनकी जगह अत्याधुनिक नए वाहन शामिल किए गए हैं। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध निरीक्षण और निगरानी को भी गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिला और विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे वाहनों से नियमित निरीक्षण, स्वास्थ्य शिविरों की निगरानी, दूरस्थ अंचलों तक त्वरित पहुँच और आपातकालीन परिस्थितियों में समयबद्ध हस्तक्षेप संभव हो सकेगा। इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन अधिक प्रभावी और गतिशील होगा तथा राज्य में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली और अधिक सक्रिय, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी बनेगी। ह पहल प्रदेश के संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र को गति देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को ये वाहन चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे।



# गरीबों पर चल रहा बुलडोजर, निगम के खिलाफ गरजे निखिल द्विवेदी

## व्यवस्थापन नहीं तो रमन सहित अन्य भाजपा नेता का काफिला रोकने की दे चेतावनी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर को सुंदर बनाने की आड़ में सैकड़ों छोटे व्यापारियों के रोजगार पर बुलडोजर चलाने को लेकर आज नगर निगम में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के युवा नेता निखिल द्विवेदी, पूर्व पार्षदों और सैकड़ों ठेले खोमचे लगाने वाले व्यापारियों ने निगम पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया।



निखिल द्विवेदी ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा, क्या भाजपा की सरकार गरीबी हटाने के नाम पर गरीबों को ही शहर से हटा रही है? बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्थापन के गरीबों के धंधे उजाड़ना अन्याय है।ज्ज् उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता, पार्किंग व्यवस्था आदि जरूरी हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि मेहनतकश गरीबों का जीना मुहाल कर दिया जाए। पूर्व पार्षद विनय झा और अवधेश प्रजापति ने संयुक्त बयान में कहा कि नगर निगम तिब्बती व्यापारियों से शुल्क लेकर उन्हें व्यवस्थित रूप से व्यापार करने की अनुमति देता है, तो अपने शहर के स्थायी गरीब व्यापारियों के साथ यह अन्याय क्यों? द्विवेदी ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के भीतर इन व्यापारियों का व्यवस्थापन नहीं किया गया, तो सोमवार को उग्र आंदोलन होगा। च्च्हमें रमन सिंह का काफिला रोकना पड़े या महापौर मधुसूदन का । हम गरीबों को न्याय दिलाकर हीरहेंगे।ज्ज् इस प्रदर्शन में पूर्व पार्षद मधुकर बंजारे, प्रतिनिधि दीनू साहू, सहित सैकड़ों छोटे व्यापारी मौजूद रहे।

# सुल्तानूल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में हफीज ने चढ़ाई चादर

## देश में अमन, चैन, शांति व देश की तरक्की की लिए मांगी दुआ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं



वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने अपने साथियों के साथ खादिम नवाज हाशमी के साथ सुल्तानूउल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्ला अलेह एवं ख्वाजा गरीब नवाज (अजमेर शरीफ)के शहजादे ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती (सरवाड शरीफ) में जियारत कर चादर चढ़ा कर राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं देश में खुशहाली एवं अमन चैन की दुआ मांगने के साथ साथ देश में तरक्की के लिए दुआ मांगी।




# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 रैंकिंग के सर्वेक्षण में 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के केटेगरी में भारत में 14वॉ स्थान प्राप्त, गत सर्वेक्षण में मिला था 79वॉ स्थान

## छत्तीसगढ के सभी जिलों में संस्कारधानी को मिला 6वॉ स्थान, गत वर्ष थे 7वें स्थान पर, कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को हर बार की तरह इस बार भी 3 स्टार रैकिंग प्राप्त एवं ओडीएफ का मिला दर्जा

### महापौर व आयुक्त ने सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी, अधिकारियों व कर्मचारियों एवं नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं,व्यापारियों व पत्रकार बंधुओं का जताया आभार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पूरे देश भर के शहरों की स्वच्छता का आकलन करने के लिये प्रति वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के सर्वे में संस्कारधानी राजनांदगांव ने नगर के जनसंख्या के आधार पर 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के केटेगरी में शहर को भारत में 14वॉ स्थान प्राप्त हुआ वही छत्तीसगढ के सभी जिलों में नगर को 6वॉ स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत में 79वॉ स्थान प्राप्त हुआ था, वही छत्तीसगढ में 7वॉ स्थान मिला था। इस प्रकार राजनांदगांव नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत वर्ष में 79 से 65 स्थान छलांग मारकर 14वॉ स्थान प्राप्त कर नगर को गौरान्वित किया है। देश में 14 स्थान एवं प्रदेश में 6वॉ स्थान प्राप्त करने पर महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारियों एवं पत्रकार बंधुओं को बधाई देते हुये सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया है।



महापौर श्री यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा 2024-25 में स्वच्छता सर्वेक्षण कराया गया। जिसमें सभी चरणो के सर्वेक्षण में सफलता प्राप्त कर गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत मे जन संख्या के आधार पर प्राप्त स्थान 79 से 65 स्थान छलांग मारकर 14वॉ स्थान प्राप्त कर अपनी गरिमाय जगह बनाई है तथा प्रदेश में 6वॉ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्वच्छता सर्वेक्षण के कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को थ्री स्टार रैकिंग दर्जा प्राप्त कर ओडीएफ++ का दर्जा भी प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारे स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों को जाता है। जिन्होंने दिन रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के साथ साथ शहर के नागरिकों सामाजसेवी संस्था, व्यापारियों एवं पत्रकार बंधुओं का भी सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके कारण स्वच्छता में उच्च रैकिंग को प्राप्त करने के साथ साथ हमारा शहर ओ.डी.एफ प्लस प्लस हुआ। इसके लिये मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूॅ। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का सहयोग हर समय बना रहे। इसके अलावा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री माननीय श्री अरूण साव जी का भी मैं आभार व्यक्त करता हूॅ, जिनके नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के सर्वेक्षण में छत्तीसगढ के 7 नगरीय निकाय उच्च स्थान प्राप्त कर पूर्व की भांति प्रदेश का दबदबा बरकरार रखा है।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश के 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के आधार पर सर्वेक्षण में 14वॉ स्थान प्राप्त करने एवं प्रदेश में 6वॉ स्थान प्राप्त करने पर निगम के स्वास्थ्य अमला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों की मेहनत का फल हमे प्राप्त हुआ। उनके द्वारा शहर में नि:स्वार्थ भाव से साफ सफाई करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, एस.एल.आर.एम. सेन्टरों में कचरा का पृथकीकरण कार्य जिस कुशलता से इनके द्वारा किया गया, इसी का परिणाम है कि हम स्वच्छता में उच्च स्थान को प्राप्त कर रहे है। नगर निगम के प्रशासनिक अमला के अलावा शहर की जनता ने भी स्वच्छता सर्वेक्षण के समय अच्छा सहयोग प्रदान किया और सबके सहयोग से ही अच्छा परिणाम प्राप्त हुआ। जिसके कारण शहर की एक अपनी अलग पहचान बनी है। स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने, स्टार रैकिंग प्राप्त होने तथा ओडीएफ++ का दर्जा मिलने पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो व पार्षदों ने भी सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिको को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार का सहयोग स्वच्छता एवं नगर विकास में अपेक्षित है।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 12.07.2025 को गौरक्षा के नाम पर कुछ तथाकथित व्यक्तियों द्वारा एक युवक के साथ सार्वजनिक स्थान पर की गई मारपीट, गालीगलौज एवं जान से मारने की धमकी की घटना घटित हुई थी। उक्त घटना के संबंध में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 314/2025, धारा 115(2), 191(2), 191(3), 296, 331(6), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिवत विवेचना प्रारंभ की गई। घटना में नामजद आरोपियों सागर साहू एवं पूरन पाली को दिनांक 17.07.2025 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने कृत्य को स्वीकार करते हुए घटना में अन्य साथियों की भी संलिप्तता की जानकारी दी है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर कार्रवाई की जा रही है। आज दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## कोपेड़ीह की जुझारू पूर्व सरपंच सुशीला देवी साहू बनी कोषाध्यक्ष



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी जिला राजनांदगांव के अंतर्गत राजनांदगांव ग्रामीण मंडल पूर्व (सोमनी ) के संगठन विस्तार में ग्राम कोपेडीह की सुशीला देवी साहु पूर्व सरपंच और महिला संगठक को कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर ग्रामीण महिला संगठन , प्रज्ञा मानस मंडली,स्वयं सहायता समूह महिला के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है श्रेत्र की जुझारू महिला को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधानसभा सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू का आभार व्यक्त किया साथ ही ग्रामीण तुलेश्वरी साहु, साधना साहु, सविता यादव ,सोनल साहु ने हर्ष व्यक्त किया।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को मिला कैरियर मार्गदर्शन

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** बालिकाओं के भविष्य निर्माण एवं कैरियर की दिशा तय करने के लिए कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के




निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा च्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओज्् योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा एवं शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक विशेषज्ञों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को सफलता की राह में मार्गदर्शन प्रदान किया।

### शुभांक

3-5-8

359-7 138-2

### भाग्यांक

246-2 139-3


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम व स्वामित्व की भूमि ग्राम-बेंदरकट्टा, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव में स्थित है जिसके राजस्व अभिलेख में मेरा नाम गमन लाल पिता-भरत लाल दर्ज है जो कि मेरे पूर्व का नाम है वर्तमान में मेरा नाम डामन लाल साहू पिता-भरत लाल साहू, ग्राम-पांगरीकला (खुज्जी), तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव छ.ग. है जो कि आधार कार्ड क्रमांक 4451 4424 7512 एवं पेन कार्ड नं. GNVPS9520K में दर्ज है एवं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं ।

**डामन लाल साहू**
**पिता-भरतलाल साहू**
ग्राम-पांगरीकला (खुज्जी),
तहसील-डोंगरगांव
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

मैं कामता प्रसाद कार्राम आ0 भग्गू राम जाति-गोड निवासी ग्राम-धरमूटोला, तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) का निवासी हूं, जो कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश जासमीन माता सतरूपा दर्ज हैं जिसे सुधार कर आधार कार्ड में जया आ0 कामता प्रसाद कोर्राम दर्ज किया जावे।

**कामता प्रसाद कार्राम**
आ.भग्गू राम
ग्राम-धरमूटोला,
तहसील-छुरिया,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

### कानूनी दस्तावेज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम (छ0ग0)

**क्रमांक/निविदा क्रय/जि0भंडार/2025/ 4313 कबीरधाम, दिनांक 11.07.2025**

**-: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना:-**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चिकित्सालय उपयोग में आने वाली औषधियों, मशीन उपकरण, चिकित्सकीय सामग्री, एक्स रे फिल्म, हमर लैब केमिकल्स एवं फर्नीचर तथा मितानीन दवा व अन्य सामग्री क्रय हेतु मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डॉक से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्ते अधोहस्ताक्षकर्ता कार्यालय से जी0एस0टी0 नं./आयकर प्रमाण-पत्र सहित 1000/-रू. डी0डी0 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम छ0ग0 के पक्ष में देय होगा, जो कि किसी भी परिस्थिति मे वापसी योग्य नहीं होगा, बैंक डाप्ट जमा कर दिनांक 12.08.2025 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है:-

**स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ0ग0)**

01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 12.08.2025 सायंकाल 05:00 बजे ।
02. निविदा जमा करने अंतिम तिथि - 13.08.2025 दोपहर 02:00 बजे।
03. निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 13.08.2025 सायंकाल 03:00 बजे।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कबीरधाम (छ. ग.)**

जी- 25262226/4


# अभिषेक देवांगन बने जिला अध्यक्ष और योगेश कोर्राम बने जिला सचिव, वन कर्मचारी संघ का हुआ निर्वाचन और पदाधिकारियों का गठन



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छ.ग. वन कर्मचारी संघ, जिला-खैरागढ-छुईखदान-गंडई का चुनाव शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस चुनाव मे श्री अभिषेक देवांगन को सर्व सम्मति से निर्विरोध चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रही, जिसमे निर्वाचन अधिकारी श्री कमल यादव (जिला अध्यक्ष-महासमुंद) एवं मनमोहन बारले (जिला सचिव- रायपुर) और अन्य प्रांतीय सदस्यो के देखरेख मे खैरागढ-छुईखदान-गंडई वन कर्मचारी संघ सदस्यो द्वारा विधिवत शांतिपूर्वक चुनाव प्रकिया संपन्न किया गया।नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री अभिषेक देवांगन ने अपनी जीत को सभी कर्मचारियों के अटूट समर्थन और विश्वास का परिणाम बताया। उन्होने वन विभाग के वन कर्मचारियो के हितो की रक्षा, कार्य स्थल पर बेहतर सुविधाएं और कर्मचारियो की अधिकार के प्रति अपनी प्रतिबध्दता दोहराई। साथ ही, उन्होने वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए निरंतर प्रयास करने संकल्प व्यक्त किया। इसके साथ जिला शाखा के अन्य पदों के लिए भी पदाधिकारियो का गठन किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारी:- श्री लाल हर्ष बहादुर सिंह - संरक्षक, श्री आनंद यादव-उपाध्यक्ष, श्री अमित चावले-उपाध्यक्ष, श्री डेमन सिंह पद्माकर-महामंत्री, श्री शेख सफी-महामंत्री, श्री रूपेन्द्र साहू-जिला प्रवक्ता, श्री योगेश कोर्राम-जिला सचिव, श्री चंदन मिरचे-संगठन सचिव, श्री गीताराम चंद्रवंशी-कोषाध्यक्ष, श्री योगेन्द्र जंघेल-महासचिव, भारती भूआर्य-सह सचिव, श्री लोकेश खरे- सह सचिव, श्री शुभम शुक्ला-मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारणी सदस्य- श्री शिव कंवर, श्री शैलेन्द्र साहू, श्रीमति ज्योति रामटेके, श्री देवेन्द्र राजपूत, श्री देव सिन्हा इस प्रकार से नव निर्वाचित पदाधिकारी है। नव निर्वाचित अध्यक्ष और पदाधिकारी आगामी कार्यकाल मे वन कर्मचारियो के कल्याण, उनके अधिकारो की रक्षा, वन संरक्षण संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य करने के लिए संकल्पित है। संघ ने सभी कर्मचारियो और हितधारकों से सहयोग की अपील की है ताकि जिला शाखा व प्रांतीय संगठन के उद्देश्यो को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके। नव निर्वाचित अध्यक्ष व नव पदाधिकारीगण के रूप मे




सर्वप्रथम वनमंडलाधिकारी-खैरागढ से भेंट मुलाकात किया गया और संघ पदाधिकारियो की जानकारी हेतु खैरागढ वनमंडल मुख्यालय को संघ अधिसूचना पत्र प्रेषित किया गया। चुनाव व पदाधिकारी गठन के सफल आयोजन के लिए पुर्व प्रांतीय पदाधिकारी श्री लाल हर्ष बहादुर सर, पुर्व जिला अध्यक्ष श्री सुनील पटले जी एवं निर्वाचन अधिकारी श्री कमल यादव, श्री मनमोहन बारले और उनके टीम को विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। वन कर्मचारी संघ के.सी.जी. जिला शाखा की ओर से सभी मतदाताओं और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया जाता है।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 62वें निशुल्क शल्य शिविर का भव्य आयोजन

## 23 अगस्त को बिलासपुर में , जिले में भी पंजीयन प्रारंभ




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद द्वारा आगामी 23 अगस्त को 62वें विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्व.श्रीमती मांगीबाई स्व.उदयलाल जी अग्रवाल की पावन स्मृति में डॉक्टर राधेश्याम गायत्री देवी अग्रवाल (नालोटिया) परिवार के प्रायोजक्त में जिला प्रशासन बिलासपुर, समाज कल्याण विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर, जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से 23 अगस्त 2025 शनिवार को प्रात: 9:00 बजे से जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में पोलियाग्रस्त टेढ़े-मेढ़े पैर एवं अन्य प्रकार के पैरों के विकृति को शल्य क्रिया के माध्यम से ठीक किया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जो घसीट कर चलते हैं अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते जिनकी उम्र 2 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है इस शिविर का लाभ ले सकते हैं। उपरोक्त शिविर से संबंधित पवन लोहिया राजनांदगांव मोबाइल नंबर 94252 40470 से संपर्क कर शिविर से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं अपना अग्रिम पंजीयन भी कराया जा सकता है। इस शिविर में आमंत्रित शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर के एस वाजपेई बलोदा बाजार, डॉक्टर जी एल अरोड़ा लखनऊ, डॉक्टर डीएन देवांगन रायपुर, डॉक्टर हरिकृष्ण अग्रवाल अकलतरा, डॉक्टर विनोद पांडे धमतरी, डॉक्टर भूपेंद्र सिंह दीक्षित बिलासपुर, डॉक्टर संतोष साहू रायपुर, डॉक्टर अजय पांडे बिलासपुर, डॉक्टर रोहित बाजपेई बलोदा बाजार एवं जिला चिकित्सालय बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। उपरोक्त शिविर को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय चेतना परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा देश के विभिन्न राज्यों में संस्था की इकाइयां भी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार में डटी हुई है साथ ही प्रमुख रूप से गोविंद राम मेरी राष्ट्रीय मंत्री, डॉ विनय कुमार पाठक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती सुधा मर्दा राष्ट्रीय मंत्री, राजेंद्र अग्रवाल राजू राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, नित्यानंद अग्रवाल राष्ट्रीय मंत्री, श्रीमती विद्या केडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बीएल गोयल राष्ट्रीय मंत्री, पवन नालोटिया कार्यक्रम प्रभारी, राजेश पांडे, सत्येंद्र अग्रवाल, अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़, जुटे हुए हैं एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के इस विकलांग शल्य शिविर के लिए राजनांदगांव जिले में परिषद की शाखा के पवन लोहिया, संतोष अग्रवाल आदि भी साथ दे रहे हैं, राजनांदगांव जिले के विकलांग अपना पंजीयन करा कर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा. डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 15




जुलाई को महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर तथा छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण किया गया । देशव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों जामुन,आंवला,नीम,अमरूद, गुलमोहर आदि का रोपण किया गया। महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ.ए.के. धमगाए ,राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बालक डॉ. आशाराम साहू एवं प्रभारी बालिका प्रियांकी गजभिए तथा स्वयंसेवकों के द्वारा पौधरोपण किया गया। स्वयंसेवियों द्वारा पौधरोपण हेतु चयनित स्थान मे खरपतवार की कटाई कर स्वच्छ किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों से पौधों के संरक्षण की अपील की गई।इस दौरान छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास सहायिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में खैरा पंचायत में 130 फलदार पौधों का रोपण




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड डोंगरगढ़ की ग्राम पंचायत खैरा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन का मार्गदर्शन जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने किया, जिनके नेतृत्व में ग्रामीणों में हरियाली के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना जागी। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में कुल 130 फलदार पौधे



लगाए गए, जिनमें आम, अमरूद, नींबू और कटहल जैसे पौधे शामिल थे। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता सेरूवा, सचिव श्री नरेंद्र ताईवड़े, चंद्रकांता महानदिया, सरपंच श्रीमती उषा दीपक चौहान, पंच, सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी इस कार्य में सहभागी बने। सभी ने मिलकर न सिर्फ पौधे रोपे, बल्कि उनके संरक्षण की शपथ भी ली।

# न्यायपालिका के महत्व पर विधि महाविद्यालय में हुई प्रभावी संगोष्ठी




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के एक मात्र विधि महाविद्यालय में लोकतांत्रिक समाज में न्यायपालिका के महत्व पर प्रभावी संगोष्ठी का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों और भविष्य में कानून के रखवालों के लिए संविधान के संरक्षक और अधिकारों के रक्षक विषय पर विशेषज्ञ वेणुगोपाल ने सार्थक चर्चा की । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा - अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया । नगर के पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय ने शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन विधि के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया । मुख्य वक्ता वेणुगोपाल जोशी , बूस्टअप स्मार्ट प्रिपरेशन के संस्थापक ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए सेमिनार की उपयोगिता पर चार - चांद लगा दिए । श्री जोशी विधि स्नातकों और विधि की शिक्षा ग्रहण करने वालों को मार्गदर्शन करने के क्षेत्र में योगदान करते आ रहे हैं । सेमिनार के विषय पर श्री जोशी ने प्रभावी वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ .निमिषा मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संविधान की आत्मा को अंगीकार करने का आव्हान किया । संगोष्ठी को सफलता की ऊंचाई प्रदान करने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. अल्का चौहान , अतुल सोनी , श्रीमती प्रेरणा तिवारी , आदित्य श्रीवास्तव एवं श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी की सराहनीय भूमिका रही । संचालन की कड़ी में श्रीमती सिरवानी ने प्रभावी छाप छोड़ी । सेमिनार के शानदार आयोजन के उपरांत डॉ. अल्का चौहान ने अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया । कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में महाविद्यालय परिवार के नीरज श्रीवास्तव , श्रेया यादव , अतुल सोनी , प्रेरणा तिवारी , नुजहत , विद्या एवं बीरबल का योगदान प्राप्त हुआ ।

# खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, बेरीकोट तोड़कर सौंपा ज्ञापन

### घण्टे भर रही हंगामे की स्थिति

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लाक के समितियों में खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने जंगी प्रदर्शन कर बेरीकोट तोड़कर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है । जहां उच्चाधिकारियों ने पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं युरिया उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद युवा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ । उल्लेखनीय है ब्लाक के अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में खाद का संकट गहरा गया है । क्षेत्र में बुवाई एवं रोपाई का कार्य अंतिम चरणों में है । जहां फसल के बेहतर पैदावार के लिए डीएपी, खाद किसानों द्वारा डाला जाता है । लेकिन खेती किसानी कार्य में समितियों में पिछले दो माह से खाद नहीं होने से किसान परेशान है । इन समस्याओं को लेकर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने खाद उपलब्ध कराने कृषि विस्तार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था । ज्ञापन सौंपने के बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया गया। फलस्वरूप युवा कांग्रेस एवं किसानों ने गुरूवार को नेशनल हाईवे में चक्काजाम की चेतावनी दी थी । जिसको लेकर पुलिस ने दो



जगह बेरीकेट लगाये थे । जहां स्वयं एसडीओ डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी छुरिया, संतोष भूआर्य, चिचोला टीआई कृष्णा पाटले, मोहारा टीआई ढालसिंह, बड़ीसंख्या में पुलिस बल उपस्थित थे । दोपहर बापूटोला पुलिया के पास युवा कांग्रेस एवं किसानों को रोका गया, जहां युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बेरीकेट को तोड़ते हुए दूसरे बेरीकेट के पास पहुंचकर चिचोला नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने की मांग करने लगे । जहां लगभग आधे घण्टे तक बापूटोला मोड़ के पास पुलिस एवं युकाईयों में झड़प होती रही । युवा कांग्रेस एवं किसान छुरिया चिचोला मार्ग पर स्थित बापूटोला में धरने पर बैठ गए । लगभग दो घण्टे तक चिचोला छुरिया आवागमन मार्ग बाधित रहा । अधिकारियों के समझाईश के बाद युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को शीघ्र ही खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी । इस अवसर पर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेखर मंडलोई, किसान नेता मदन नेताम, अनिल बाघमारे, छबि यादव, दीनू साहू, राजेन्द्र कतलाम, सुरेश शोरी, रोहित साहू, हौसी साहू, हेमन्त सिन्हा, जितेन्द्र मंडावी,तिलक मंडावी, दीपक निषाद, विनोद मंडावी, धिरेन्द्र तिवारी, गोदावरी, बुधारू मंडावी सहित क्षेत्र के युवा कांग्रेस एवं किसान शामिल हुए ।

### चार दिनों में 400 मैट्रिक टन खाद मिलेगा किसानो को

युवा कांग्रेस एवं किसानों के धरना प्रदर्शन में तहसीलदार विजय कोठारी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एस.एल.देशलहरे एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया जी.पी.सहाड़े ने बताया कि चार दिनों में समितियों में डीएपी एवं यूरिया का 400 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, तब जाकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया ।

## दिग्विजय महाविद्यालय में प्रेमचंद और तुलसी जयंती पर जिला स्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगित

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रेमचंद और तुलसी जयंती के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा जिलास्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैण् यह प्रतियोगिता महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए हैए जिसमे राजनादगांव जिले के किसी भी महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी भाग ले सकते हैंण् प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जायेगाण् प्राचार्य डॉण् सुचित्रा गुप्ता के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालयीन छात्रों में मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना हैं । इस प्रतियोगिता के बारे में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉण् शंकर मुनि राय ने बताया कि इस साल मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास दोनों की जयंती 31 जुलाई को पड़ रही हैण् इसलिए इन दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर आधारित प्रश्न पूछकर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया हैण् दोनों साहित्यकारों पर आधारित यह प्रतियोगिता अलग.अलग होगी और प्रत्येक के लिए तीन.तीन विजेता चुने जाएंगेण् यह प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड में मोबाइल से होगीए लेकिन प्रतिभागियों को दिग्विजय कॉलेज में उपस्थित होकर भाग लेना होगाण् प्रतियोगिता के कुल 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया हैं।

## ज्ञान मंथन

*1) सिकल सेल डिजीज किस प्रकार का विकार है?*

*2) सुमी नागा जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में पाई जाती है?*

*3) उत्तराखंड सरकार ने महाभारत वाटिका किस स्थान पर विकसित की है?*

*4) मकरविलक्कु त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?*

*5) गुनेरी के अंतर्देशीय मैंग्रोव, जो हाल ही में खबरों में थे, किस राज्य में स्थित हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विरासत में मिला रक्त विकार (2) नागालैंड (3) हल्द्वानी (4) केरल (5) गुजरात

# आत्मनिर्भर भारत में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन पहल

**रेलवे इंस्पेक्टर तरुणा साहू ने कहा राष्ट्र निर्माण में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन खंडेलवाल महिला मंडल की पहल पहचान एग्जीबिशन मिल का पत्थर साबित होगी**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खंडेलवाल महिला मंडल उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल , सचिव भगवती खंडेलवाल , कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल ने बताया कि अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल के अथक प्रयासों से आज दो दिवसीय महिला स्वावलंबन पहचान एग्जीबिशन का पारंपरिक भव्य उद्घाटन 16 जुलाई 2025 दिन बुधवार समय दोपहर 03 :30 बजे लाल रिबन पुष्प गुच्छ खोलकर भव्य उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू एवं अतिथि प्रांतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता लोहिया, विप्र फाउंडेशन महिला अध्यक्ष साधना तिवारी , अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष मंजू अग्रवाल , खंडेलवाल समाज अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल , कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल , मार्गदर्शक श्याम खंडेलवाल एवं महेश्वरी पंचायत अध्यक्ष पवन डागा सपत्नीक, समाजसेवी सौरभ खंडेलवाल , खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल , उपाध्यक्ष प्रतीक खंडेलवाल सचिव चिराग खंडेलवाल कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल सहित खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल एवं संपूर्ण कार्यकारिणी की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह हुआ शक्ति प्रेरणा स्वरूप दीप प्रज्वलन गणपति वंदना , एवं समाज कुलभूषण संत शिरोमणि सुंदरदास जी महाराज,व धरती मां का पूजन मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती तरुणा साहू रेलवे इंस्पेक्टर एवं अन्य अतिथियों की सहभागिता से हुआ अतिथियों को तिलक लगाकर एवं प्रकृति को हरा भरा रखने हेतु स्वागत हरे भरे पौधे एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया स्वागत भाषण में खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य भारत की प्रगति में आत्मनिर्भर भारत में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन पहचान एग्जिबिशन एक माध्यम है आज हमारे बीच महिलाओं की प्रेरणा मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू जी रेलवे इंस्पेक्टर की भूमिका में मंच पर उपस्थित है आप घर परिवार एवं देश सेवा में सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पंडवानी गायन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है आप हम महिलाओं की प्रेरणा है मुख्य अतिथि श्रीमती तरूणा साहू ने कहा कि पहचान छोटी ही सही अपनी होनी चाहिए राष्ट्र निर्माण में महिला स्वावलंबन पहल पहचान एग्जिबिशन खंडेलवाल महिला मंडल का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत मे महिला स्वावलंबन यह सरहानीय पहल मिल का पत्थर साबित होगा लगभग 40 स्टॉल , 10 राज्यों की संस्कृति, कला, पारंपरिक परिधान , विभिन्न सामग्री एवं खानपान के स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए गए हैं आप सभी सफलता की ऊंचाइयां हासिल करें और भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं खंडेलवाल महिला मंडल की



समस्त सदस्यों को पहचान एग्जीबिशन के सफल आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई आयोजकों के अनुरोध पर मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू जी ने छत्तीसगढ़ी पंडवानी गायन कि एक प्रस्तुती से सभी का मन मोह लिया उपस्थित सभी ने जोरदार तालियां बजाकर सरहाना की पहचान एग्जिबिशन में विशेष आकर्षण छूट सामग्री का लाभ उठाने हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं पहचान एग्जीबिशन में खंडेलवाल महिला मंडल समस्त कार्यकारिणी सदस्य अपनी सेवा दे रही है सनातन संस्कृति के अनुरूप कलश सजाओ प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम विजेता पिंकी महेश्वरी , द्वितीय विजेता प्रतिभा अग्रवाल को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया द्य उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी ।

## खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस का आज नेशनल हाईवे में चक्काजाम

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति में खाद की भारी मात्रा में कमी होने से किसानों को खेती किसानी कार्य में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । किसानी कार्य में धान की बुवाई हो चुकी है, रोपा लगाने का काम भी शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाया है । किसानों की समस्या को देखते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान आज गुरूवार को नेशनल हाईवे चिचोला मार्ग में चक्काजाम कर शासन प्रशासन से किसानों को शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पूर्व खुज्जी विधान सभा युवा काग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने क्षेत्र के किसानों एवं युवा कांग्रेसियों के साथ स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी से खाद उपलब्ध कराने के संबंध में लिखित ज्ञापन सौंपकर सेवा सहकारी समितियों में शीघ्र ही सभी प्रकार के खाद पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने की मांग रखी थी । लेकिन उसके बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है । जिससे किसानों के समक्ष खेती किसानी कार्य में संकट उत्पन्न हो गया है । इससे किसानों में राज्य सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है । इसी के चलते युवा कांग्रेस एवं क्षेत्र के किसान अपनी मांगों को लेकर आज गुरूवार को नेशनल हाइवे में चक्काजाम करेंगे ।

## पीएमएफएमई के तहत जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हालर मिल, फ्लोर मिल, जैम, जैली, मुर्रा, बड़ी, पापड़, आचार, बेकरी आईटम, डेयरी, मसाला, आटा चक्की, मिक्सर, चिप्स, टोमैटो सॉस, रेडी टू ईट एवं अन्य खाद्य उत्पाद स्थापित करने के लिए इच्छुक उद्यमियों से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव में आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए जनपद स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर स्थल पर ही प्रकरण तैयार किए जाएंगे।। जिसके तहत नगर पंचायत डोंगरगांव के सभाकक्ष में 18 जुलाई को, जनपद कार्यालय छुरिया के सभाकक्ष में 23 जुलाई को तथा जनपद कार्यालय डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में 25 जुलाई को जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## शासकीय प्राथमिक शाला में गोडलवाही में नेवता भोज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला गोडलवाही में संस्था रमन देवांगन प्रमुख के द्वारा जन्मदिवस के अवसर पर केला फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अन्य शिक्षक अशोक कुमार पिस्दा एवं वीरेंद्र कुमार भूआर्य उपस्थित थे।



# कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को मौसम आधारित सलाह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा जिले के कृषकों को खरीफमें अधिक उत्पादन लाभ प्राप्त करने के लिए उन्नतशील जातियों के बीज जैसे- धान (इन्द्रावती धान, एमटीयू-1153, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान-1919), सोयाबीन (आरएससी-10-46, आरएससी-11-15, आरएससी-11-07) की बुआई करने की सलाह दी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। किसान बुआई का कार्य पूर्ण कर ले एवं नर्सरी से अतिरिक्त जल निकास की व्यवस्था कर ले तथा मौसम साफ रहने पर ही खरपतवार नियंत्रण कार्य करें। धान में थरहा डालने से पूर्व यदि शीथरॉट की समस्या हो तो बीजों को 17 प्रतिशत नमक (1.7 किलोग्राम नमक प्रति 10 लीटर पानी में) के घोल से उपचारित करें। प्रमाणित या आधार श्रेणी के बीजों को एजोस्पारिलम तथा पीएसबी कल्चर 5.10 ग्राम की दर से उपचारित कर बुआई करें। नत्रजन का छिड़काव कुल अनुशंसित मात्रा की आधी मात्रा (60 किलोग्राम) रोपा के 8-10 दिनों बाद यूरिया के रूप में छिड़काव करें। छिड़काव के बाद खेतों में पानी लगभग 24 घंटे तक रोक कर रखें। जिन किसानों ने धान फसल की बुआई कर ली है, वे संकरी तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण हेतु धान बुआई के 20-25 दिनों के भीतर आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी जैसे-बिसपायरीबेक सोडियम (नोमिनिगोल्ड, एडोर, बिस्फोर्स एवं अन्य उत्पाद) 250 ग्राम का छिड़काव करें। सोयाबीन फसल लगाने वाले किसानों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जल्द से जल्द सोयाबीन फसल की सीधी एवं कतार बोनी या चौड़ी क्यारी फरो विधि से बुआई करने की विशेष सलाह दी गई है। संकरी तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण हेतु बुआई के 18-20 दिनों तक आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी जैसे-इमेजाथाईपर 10 प्रतिशत एसएल का 750 मिली का छिड़काव करें।



# शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय में कैंटीन का शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वर्षों से बहु प्रतीक्षित छात्रों की मांग एवं नैक की ग्रेडिंग के लिए जरूरी कैंटीन का शुभारंभ शहर के प्रथम नागरिक मधुसुदन यादव महापौर नगर निगम के मुख्य आथित्य एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवम पार्षद रवि सिन्हा के एवं जन भागीदारी समिति के समस्त सदस्यों के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कैंटीन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी मितेश वर्मा पिता बिसेलाल वर्मा को सौंपी गई है।मधुसूदन यादव एवं रवि सिन्हा ने कहा की कॉलेज कैंटीन परिसर के भीतर एक जीवंत केंद्र प्रतीत होता है, जो न केवल खाने-पीने की जगह के रूप में बल्कि छात्रों के बीच सामाजिक मेलजोल और बौद्धिक चर्चाओं को भी बढ़ावा देता है। यह जानकर खुशी होती है कि यह छात्रों के लिए एक पसंदीदा जगह है, जो परिसर जीवन में इसकी लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। छात्र यहाँ काफी समय बिताते हैं, यह दर्शाता है कि यह एक आरामदायक और स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करता है। यह केवल खाने-पीने की जगह से कहीं अधिक है।यह एक ऐसा स्थान है जहाँ छात्र सार्थक बातचीत करते हैं, विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और अपने पारस्परिक कौशल को निखारते हैं। इस तरह के अनौपचारिक माहौल में अक्सर विभिन्न विषयों पर गहन चर्चाएँ होती हैं, जो कक्षा के बाहर छात्रों के बौद्धिक विकास में योगदान देती हैं। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन छात्रों की विविध रुचियों को पूरा करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर किसी को अपनी पसंद की कोई चीज़ मिल जाए। इससे न केवल भूख शांत होती है, बल्कि कॉलेज जीवन के समग्र सकारात्मक अनुभव में भी वृद्धि होती है। कुल मिलाकर, कॉलेज कैंटीन सामाजिक और बौद्धिक दोनों रूप से परिसर के अनुभव को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तथा एक जीवंत और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने में योगदान देती है।



# 24 घंटे में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई: कबीरधाम पुलिस की तत्परता और पेशेवर जांच ने किया जघन्य अपराध का खुलासा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** पांडातराई थाना क्षेत्र के गांव में घटित एक नाबालिग बालिका की नृशंस हत्या की गुत्थी को कबीरधाम पुलिस ने मात्र 24 घंटे में सुलझा लिया है। सुनसान घर में खून से सनी लाश मिलने की खबर से पूरे गांव और क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। यह एक अंधा कत्ल था, जिसमें शुरूआती तौर पर कोई ठोस सुराग नहीं था, परंतु पुलिस की तेज़, सतर्क और संगठित जांच ने इस जघन्य कृत्य के दोषी को बेनकाब कर दिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच टीमों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। एफएसएल यूनिट, डॉग स्क्वाड और तकनीकी विश्लेषण इकाई को तत्काल सक्रिय किया गया, वहीं स्थानीय पुलिस बल को हर संभावित पहलू पर काम करने के निर्देश दिए गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि हत्या गांव के ही राजीव घृतलहरे (पिता भगवाली, उम्र 35 वर्ष) द्वारा की गई। आरोपी का पीड़िता के पिता से लंबे समय से भूमि विवाद चला आ रहा था, लेकिन इसके अतिरिक्त वह नाबालिग बालिका पर पूर्व से ही गंदी नजर रखता था। जांच में यह बात भी उजागर हुई कि आरोपी अक्सर बहाने से आसपास मंडराता था और बालिका की गतिविधियों पर नजर रखता था। घटना वाले दिन उसने यह सुनिश्चित किया कि बालिका घर में अकेली है। जब उसे यकीन हो गया कि उसके परिवार के सदस्य घर पर नहीं हैं, तो वह भीतर घुसा। उसने बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन विरोध और भागने पर उसने उसे खींचकर कोठार के पास गयी और वहां रखे सब्बल से बालिका की हत्या कर दी। घटना के बाद जिला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों दिशाओं में नाकेबंदी कर दी और संभावित संदिग्धों की तलाश शुरू की। पूछताछ और साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान आरोपी की पहचान हुई और उसे हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके मेमोरेंडम कथन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर थाना पांडातराई में अपराध क्रमांक 106/2025, धारा 103(2), 332(1) बीएनएस और धारा 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



## धर्म समाचार....

# 22 या 23 जुलाई, किस दिन है सावन शिवरात्रि? यहां नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग




ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर कई दुर्लभ और मंगलकारी योग बन रहे हैं। इनमें हर्षण और भद्रावास प्रमुख संयोग हैं। इन योग में भक्ति भाव से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक को दोगुना फल मिलेगा। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होगा। सनातन धर्म में सावन शिवरात्रि का खास महत्व है। यह पर्व पूर्णतया देवों के देव महादेव को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव और जगत की देवी मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही मनचाही मुराद पाने के लिए सावन शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि सावन शिवरात्रि के दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। सावन शिवरात्रि के दिन भक्तजन देवों के देव महादेव का जलाभिषेक करते हैं। हालांकि, सावन शिवरात्रि की तिथि को लेकर भक्तजन दुविधा में है। यह पर्व हर साल सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। भगवान शिव और मां पार्वती की निशा काल में पूजा की जाती है। आइए, सावन शिवरात्रि की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

सावन का महीना देवों के देव महादेव को अति प्रिय है। इस महीने में भगवान शिव की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही सावन सोमवार, सावन शिवरात्रि और त्रयोदशी तिथि पर व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही शिवजी की कृपा साधक पर बरसती है।

**सावन शिवरात्रि शुभ मुहूर्त**

सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 04 बजकर 39 मिनट पर प्रारंभ होगा। 24 जुलाई को देर रात 02 बजकर 28 मिनट पर सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का समापन होगा। पूजा का समय 23 जुलाई को निशा काल में 12 बजकर 07 मिनट से लेकर 12 बजकर 48 मिनट तक है।

**पूजा समय**

प्रदोष काल में पूजा समय शाम 07 बजकर 17 मिनट से रात 09 बजकर 53 मिनट तक है। दूसरे प्रहर में पूजा समय रात 09 बजकर 53 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 28 मिनट तक है। तीसरे प्रहर में पूजा समय



रात 12 बजकर 28 मिनट से देर रात 03 बजकर 03 मिनट तक है।

**सावन शिवरात्रि कब है ?**

ज्योतिषियों की मानें तो सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई के दिन है। चतुर्दशी तिथि पर निशा काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। इसके लिए 23 जुलाई को सावन माह की शिवरात्रि मनाई जाएगी। भक्तजन 23 जुलाई के दिन व्रत रख महादेव की पूजा एवं भक्ति कर सकते हैं। वहीं, व्रत का पारण 24 जुलाई के दिन कर सकते हैं।

## जानिए सिर्फएक लोटा जल से क्यों प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ

सावन का महीना भगवान शिव को प्रसन्न करने का विशेष समय है। मान्यता है कि इस दौरान वे स्वयं धरती पर आते हैं। भोलेनाथ इतने सहज हैं कि मात्र एक लोटा जल से भी प्रसन्न हो जाते हैं क्योंकि वे सच्चे भाव और समर्पण को महत्व देते हैं। जानिए क्या है इसकी पौराणिक कहानी। सावन का महीना भगवान शिव को प्रसन्न करने का ऐसा समय होता है, जब वह स्वयं धरती पर आकर सृष्टि का संचालन करते हैं। देवाधिदेव महादेव इतने सरल और इतने सहज हैं कि सिर्फएक लोटा जल चढ़ाने से भी प्रसन्न हो जाते हैं। यह एक प्रतीकात्मक क्रिया है, जो दिखाती है कि भगवान शिव को दिखावे या आडंबर से ज्यादा सच्चे भाव और समर्पण को स्वीकार करते हैं। शिव महापुराण में भी यह बताया गया है कि भोलेनाथ को यदि नियम और श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं, तो वह भक्त से प्रसन्न होते हैं।




**सिर्फजल से ही क्यों होते हैं प्रसन्न महादेव** - इसके पीछे पौराणिक कारण समुद्र मंथन की घटना है। इस दौरान सबसे पहले हलाहल विष निकला था। इसके असर से सारी सृष्टि के नष्ट होने के संकट पैदा हो गया था। तब सबका कल्याण करने के लिए भगवान शिव ने उसे पी लिया, लेकिन अपने गले में ही उसे रोक लिया था। इस वजह से भोलेनाथ का कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। इस विष के प्रभाव से उन्हें अत्यंत गर्मी और जलन महसूस हो रही थी। वह इसे शांत करने के लिए हिमालय की तरफबढ़ने लगे और एक जगह बैठकर ध्यान मग्न हो गए। तब देवताओं ने जल से उनका अभिषेक किया। कहते हैं कि वह समय सावन का था। तभी से भगवान शिव के का सावन के महीने में अभिषेक करने का चलन शुरू हो गया। इसीलिए सावन में कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है। भक्त जब एक लोटा जल चढ़ाते हैं, तो भोलेनाथ के इसलिए प्रसन्न होते हैं क्योंकि इससे उन्हें शीतलता मिलती है।

nandgaon times JULAI-18-3.qxd 7/18/2025 12:17 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# ऋण पुस्तिका के लिए किसानों को भटका रही है भाजपा सरकार : कुलबीर

## भाजपा षंडयंत्र कर किसानों के धान पैदावर कम करने हरसंभव कोशिश कर रही है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले भर में ऋण पुस्तिका के लिए आम जनता व किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा जिसके कारण लोगों को तहसील का चक्कार लगाने मजबूर होना पड़ रहा है इसके बाद भी ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं जैसी कई प्रकार की दिक्कतें हो रही है जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिलेभर में ऋण पुस्तिका की कमी बनी हुई है जिसके कारण किसानों व आम जनता को ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, लोगों को तहसील का चक्कार लगाने मजबूर होना पड़ रहा है इसके बाद भी ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि वर्तमान में खरीफ सीजन चल रहा है किसानों को इस समय खाद-बीज की जरूरत होती ऐसे समय ऋण पुस्तिका की आवश्यकता होती है। इसी तरह किसानों को भूमि क्रय व विक्रय करने में भारी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं व्यापारियों को जमीन का सौंदा-विक्रय करने में ऋण पुस्तिका की जरूरत होती वह रूक रहा है जिसके कारण शासन को रजिस्ट्री में होने वाले राजस्व आय में भी घाटा हो रहा है।

श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है समय पर ऋण पुस्तिका न होने पर कई किसान फसल बीमा से वंचित होना पड़ सकता है। सरकार किसानों को 3100 रूपए नहीं देना चाहती है और न ही डीएपी खाद उपलब्ध करा पा रही है। ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने से किसानों को बीज नगदी लेना पड़ा इसी तरह सोसायटियों में फसल भी नहीं बेच पाएंगे, भाजपा षंडयंत्र कर किसानों के धान पैदावर कम करने हरसंभव कोशिश कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की इस परेशानी को अनदेखी कर रही है जिसके चलते किसान आर्थिक व मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है किसानों के समस्या को देखते हुए कांग्रेसजन राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द ऋण पुस्तिका उपलबध कराने की मांग रखी एवं सात दिवस के अंदर ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो कांग्रेसजन किसानों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, शरद खंडेलवाल, श्रीमती मोहिनी सिन्हा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सुरेन्द्र देवांगन, अब्बास खान, अभिमन्यु मिश्रा, गोपीचंद गायकवाड़, अमिन हुद्दा, छोटेलाल रामटेके, कुंजलाल साहू, परवेज खान, युवराज भारती, नीरज कन्नौजे, मुस्तफा जोया, मयंक सोनी, नारायण कन्नौजे, मनीष साहू, महेश साहू, जितेन्द्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष पहुंचे मंडल भाजपा गैंदाटोला





**गैंदाटोला ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 16 जुलाई को गैंदाटोला भाजपा मंडल की परिचयात्मक बैठक लेने मंडल के शक्ति केंद्र कल्लू बंजारी गांव के साहू सामुदायिक भवन में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत परिचयात्मक बैठक में संगठनात्मक कसावट हेतु दिया मार्गदर्शन अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है यह समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है इसके लिए संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा शून्यता के शिकार है सिर्फ भाजपा ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एकात्म मानववाद सुशासन विकास एवं सुरक्षा सर्वधर्म समभाव पंचनिष्ठा मूल्य पर आधारित है भारतीय जनता पार्टी भारत में प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में स्थापित कर चुकी है देश में सुशासन विकास एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्पित है यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सबका साथ सबका विकास उद्घोषणा के साथ गौरव संपन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रहा है जिला अध्यक्ष ने जिला और प्रदेश भाजपा के सभी निर्देशों को ईमानदारी से गैंदाटोला मंडल में संगठन के कार्यों को वृहद रूप से क्रियान्वयन करने के लिए मंडल अध्यक्ष और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी परिचयात्मक बैठक को जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव , जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू , जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू,आत्माराम चंद्रवंशी, ने भी संबोधित किए बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति बीरम मंडावी,रोमी भाटिया,मदन साहू,घासी साहू,आलोक मिश्रा, महामंत्री रामकुमार मंडावी, सुकृत साहू ,विष्णु साहू, खेमचंद साहू,रेखलाल सोनकर, राजेश शुक्ला,बालकिशन साहू,जनपद सदस्य बालमुकुंद मंडावी,ओमप्रकाश चंद्रवंशी, गैंदाटोला मंडल के सभी पदाधिकारी अंजनी शर्मा ,कुमारसाय साहू,दिलीप साहू,राजाराम साहू, एस कुमार सिन्हा, चित्रांगन साहू ,गजेन्द्र साहू, मंजू साहू ,रीना कुलदीप, कीर्ति गंगासागर,प्रदीप वर्मा, लोकेंद्र ठाकुर,राहुल निषाद एवं भाजपा के कर्मठ कार्यकार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डोमेन पटेल और मंडल कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी द्वारा किया गया।

## भेड़ीकला पंचायत मे केंद्रीय दल पहुंचे, शासन की विभिन्न योजनाओं कार्यों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत भेडीकला जनपद



पंचायत राजनांदगांव में दिनांक 16जुलाई 2025 को केंद्रीय दल हरुरू की टीम द्वारा विजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के विभिन्न योजनाओं का अवलोकन ,निरीक्षण , भ्रमण किया गया।जिसमें केंद्रीय दल के साथ राजनांदगांव जनपद सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू, सरपंच श्रीमती बिसंतीन नेताम, भूतपूर्व सरपंच कृष्णा साहू, जिला पंचायत से ड्डश्चश श्री फैज मेनन ,श्चद्बड्ड4 जिला समन्वयक प्रशांत साहू, जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू , जनपद स्टाफ पंचगण रोजगार सहायक महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्कूल गंजपारा में बच्चों की पेयजल समस्या का निराकरण, नया बोरिंग कराया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हीरा मोती वार्ड नंबर 39 के प्राथमिक शाला गंजपारा मे पानी की गंभीर समस्या बनी हुई थी इस



स्कूल में 200 से अधिक बच्चे अध्यनरत है पानी की समस्या को संज्ञान में लेते हुए वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने नगरनिगम से प्रक्रिया पूरी कर महापौर मधुसूदन यादव के सहयोग से पेयजल के लिए स्कूल परिसर मे नलकूप खनन कर पम्प फिट कराया गया स्टोरेज के लिए टंकी लगवाया गया अब विद्यार्थियों को पानी के लिए स्कूल से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।इसके माध्यम से स्कूल में पानी की आपूर्ति हो सकेगी। पानी आपूर्ति होने पर बच्चों मे खुशी का वातावरण था। बोरिंग का कार्य होने के पश्चात पार्षद के साथ निरीक्षण करने वार्ड के रितेश देवांगन संदीप निर्मलकर विकास यादव उत्तम कोसरिया अजय श्रीवास्तव स्कूल पहुंचे।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

## बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने तथा ड्राप आउट को रोकने के लिए प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा एवं कैरियर मार्गदर्शन और बच्चों के ड्राप आउट को रोकने के लिए प्रोजेक्ट जूनियर-जी को जिले में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम और पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का सही मार्गदर्शन करना है जिससे वे गलत दिशा में न जाए। इसके लिए कॉलेज के अच्छे बच्चों को इसमें जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बच्चों को लीडरशीप करने का अच्छा मौका मिल रहा है। कॉलेज के अच्छे बच्चे जो बड़े भाई और बड़ी बहन की तरह छोटे बच्चों को अपने अच्छे अनुभव के साझा कर सकते हैं। उनके द्वारा भविष्य, पढ़ाई, कैरियर मार्गदर्शन और मनोबल को बढ़ाने में मदद कर सकते है। पीपीआईए फेलो श्री अमित परिहार द्वारा प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, महाविद्यालयों के प्राध्यापक, स्कूली प्राचार्य उपस्थित थे।

## एनबीआईएस बोरी की छात्रा जान्हवी जैन बनी डिस्ट्रिक्ट टॉपर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल



बोरी के वाणिज्य संकाय ( कामर्स )की छात्रा कु. जान्हवी जैन सीबीएसई की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जान्हवी ने बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय की परीक्षा में अंग्रेजी 91, इकोनॉमी 97, बीएसटी 94, अकाउंट 99 तथा फिजिकल एजुकेशन में 83 अंक प्राप्त की थी। जान्हवी द्वारा अपने फिजिकल एजुकेशन के प्राप्तांक से असंतुष्ट होकर पेपर का पुर्नमुल्यांकन कराया गया। पुर्नमुल्यांकन में जान्हवी के नंबर में बढ़ोत्तरी हुई। पहले 83 थे, जो बढ़कर 90 हो गये। जानकारी के अनुसार नंबरों की बढ़ोत्तरी के आधार पर जान्हवी के पहले 92.8 प्रतिशत थे, जो बढ़कर 94.2 प्रतिशत होने पर, अब जान्हवी वाणिज्य संकाय से जिले में टाप पोजीशन पर है। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि शाला का नाम आज सीबीएसई स्कूलों के वाणिज्य संकाय (कामर्स ) में टाप पोजीशन पर है। जान्हवी की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन श्री नितिन चौहान, शिक्षक एवं शाला कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गंदे स्थान से मशरूम लाकर खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर असर

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** बारिश के इस मौसम में हॉट बाजार में व अन्य स्थानों में मशरूम ( फूटू) का डिमांड काफी बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्र एवं वन क्षेत्र के ग्रामीण फूटं को यहां लाकर बाजार एवं अन्य स्थानों में ?800 से लेकर ?1000 किलो में बिक्री किया जा रहा है ।और यहां के लोग बेधड़क नया फसल फूटू की खरीदारी कर रहे हैं कुछ लोगों ने बताया कि इससे सब्जी बनाकर सेवन करने से लोगो को पेट संबंधित



बीमारी हो रही है ।कुछ लोगों ने यह भी जानकारी दिया है कि ज्यादा रुपया कमाने के चक्कर में फोटो को गंदे स्थान से उखाड़ कर लाकर यहां नगर में बिक्री किया जा रहा है जिसका प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर पड़ रहा है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी छुईखदान डॉक्टर- मनीष बघेल का कहना है कि गंदे मैले दिखने वाले मशरूम ना खाए साफ सुथरा मशरूम खाए पानी में अधिक उबालकर कुछ मात्रा में।

## सुरगी सेवा सहकारी समिति मर्यादित को प्रथम पुरस्कार से किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर मे 44 वा नाबार्ड स्थापना दिवस 12 जुलाई 2025 को आयोजन किया गया जिसमें सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी को सर्वश्रेष्ठ पैक्स सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहलो को अपनाने के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया, उनकी उत्कृष्ट सेवा समर्पण और योगदान के लिए नाबार्ड छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिला भाजपा राजनांदगांव उपाध्यक्ष व सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी अध्यक्ष



लीलाधर साहू एवं प्रबंधक जितेंद्र चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उन्हें डॉ ज्ञानेंद्र मणि मुख्य महा प्रबंधक छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय,राजनांदगांव मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ प्रभात मिश्रा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सांकरा प्रबंधक सचिन देशमुख, प्रेम कुमार साहू सुरगी डाटा ऑपरेटर, जितेंद्र साहू पूर्व उपसरपंच ग्राम मुड़पार उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार हासिल करने पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी व उनकी टीम को जिलेवासियों एवं क्षेत्र वासियो ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

## जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े स्थायी-अस्थायी उपायों पर जोर, स्वास्थ्य विभाग करेगा व्यापक जनजागरूकता

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे ने परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिलेभर में जनसंख्या नियंत्रण, छोटे परिवार की महत्ता और परिवार नियोजन के उपायों पर आधारित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा।

शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री अंशुल थुदगर, जिला अस्पताल सलाहकार श्री अरूण पवार, जिला प्रबंधक (प्रशिक्षण/मानव संसाधन), जिला सलाहकार (आयुष्मान भारत) श्री असलम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तुर्रे





ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है, जिसके कारण संसाधनों की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं से निपटने और लोगों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से हर वर्ष 11 जुलाई से 18 जुलाई तक यह पखवाड़ा मनाया जाता है। पखवाड़े के दौरान जिले में सास-बहू सम्मेलन, पुरुष नसबंदी शिविर, गर्भनिरोधक साधनों जैसे आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, माला-एन और छाया टेबलेट्स के प्रचार-प्रसार सहित परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की मितानिनें और मैदानी अमला लक्षित दंपत्तियों के घर-घर जाकर छोटे परिवार के लाभ और जनसंख्या नियंत्रण के उपायों पर संवाद स्थापित करेंगे।डॉ. तुर्रे ने कहा कि संतुलित और समृद्ध समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है कि जनसंख्या नियंत्रण के स्थायी और अस्थायी दोनों उपायों को अपनाया जाए।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com